DATE / /

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date- Class -IV
Subject- Hindi Language Page - 1
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

## लिंग

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ 'लिंग' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो यह पाठ आपको 3 अक्तूबर, 202 . को भेजा जाएगा। यह आवाज़ रोमा रानी की है।
प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'लिंग' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो अब मैं आपको 'लिंग' शब्दों के बारे में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं 'लिंग' शब्दों के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यान-पूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।
प्यारे बच्चो ! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़ो एवं समझो।

- मेरे दादा जी अखबार पढ़ रहे हैं और दादी जी टहल रही हैं।
- मेरा भाई खेल रहा है और बहन पढ़ रही है।
- हमारे घर पर चाचा जी और चाची जी आए हुए हैं।

बच्चो ! अब ऊपर दिए वाक्यों को ध्यान से देखो इनमें दादा जी, भाई और चाचा जी पुरुष जाति के हैं तथा दादी जी, बहन और चाची जी स्त्री जाति की हैं।
इस प्रकार बच्चो !
शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।

Scanned with CamScanner

DATE ___/___/___

Date-
Class IV
Subject- Hindi Language
Page - 2
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।

बच्चो ! लिंग दो प्रकार के होते हैं।

लिंग
- पुल्लिंग
- स्त्रीलिंग

<u>पुल्लिंग</u> :- बच्चो। जो संज्ञा शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, वे पुल्लिंग शब्द कहलाते हैं।

जैसे :- पहाड़, पिता, चंद्रमा, पेड़, सोना, लुहार, धोबी आदि।

<u>स्त्रलिंग</u> :- :- जो संज्ञा शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

जैसे :- कोयल, माता, रोटी, मामी, चुहिया आदि।

बच्चो ! मैंने आपको 'लिंग' शब्दों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न1 :- 'लिंग' किसे कहते हैं ?

प्रश्न-2. लिंग के कितने भेद होते हैं ?

प्रश्न-3. स्त्री जाति का बोध करवाने वाले संज्ञा शब्द क्या कहलाते हैं ?

प्रश्न 4. पुल्लिंग शब्दों की दो उदाहरण लिखें ?

बच्चो। अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है, अब मैं आपको उन प्रश्नों के उत्तर बता रही हूँ, जो मैंने आपसे पूछे थे।

Scanned with CamScanner

DATE / /

Date-                                        Class IV

Subject - Hindi Language                     Page 3

Subject Teachers- Ms. Roma Rani

Ms. Suman Sharma

उत्तर 1. शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।

उत्तर 2. लिंग के दो भेद होते हैं :-

पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग

उत्तर 3. स्त्रीलिंग

उत्तर 4. पिता जी , धोबी

प्यारे बच्चो! अब मैं आपको 'लिंग' शब्द करवाऊँगी जिन्हे आप ध्यानपूर्वक समझेंगे।

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1. | बूढ़ा | बुढ़िया |
| 2. | पुत्र | पुत्री |
| 3. | कवि | कवयित्री |
| 4. | वृद्ध | वृद्धा |
| 5. | बैल | गाय |
| 6. | शिक्षक | शिक्षिका |
| 7. | नौकर | नौकरानी |
| 8. | हंस | हंसिनी |
| 9. | माली | मालिन |

Scanned with CamScanner

DATE / /

Date-  Class - IV
Subject - Hindi Language  Page - 4
Subject Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

| | | |
|---|---|---|
| 10 | सेवक | सेविका |
| 11. | लेखक | लेखिका |
| 12. | सम्राट | सम्राज्ञी |
| 13. | वीर | वीरांगना |
| 14. | चिड़ा | चिड़िया |
| 15. | डिब्बा | डिबिया |

बच्चो! मैंने आपको जो 'लिंग' शब्द करवाए हैं, उनके आधार पर अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन सभी प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न :- निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदल कर लिखें।

(क) पुत्र ............
(ख) सेवक ............
(ग) वीर ............
(घ) चिड़ा ............

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है, अब मैं आपको उन प्रश्नों के उत्तर बता रही हूँ जो मैंने आपसे पूछे थे।

उत्तर (क) पुत्री  (ग) वीरांगना
(ख) सेविका  (घ) चिड़िया

Scanned with CamScanner

DATE / /

Date -                Class IV
Subject - Hindi Language        Page - 5.
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

बच्चो ! मैंने आपको 'लिंग' शब्द समझा दिए हैं। आशा है, सभी छात्रों ने इन्हें ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा होगा। अभिभावकों से भी मेरा अनुरोध है कि बच्चों को लिंग समझने में उनकी सहायता करें।
अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई मे लिखेंगे।
गृह कार्य :-
• बच्चो ! आप ऊपर कराए गए सभी 15 'लिंग' शब्दों को अपनी हिन्दी की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।
धन्यवाद।

Last page.

Scanned with CamScanner